स्वयंसेवक उत्कर्ष सिंह द्वारा पटना के बी.आई.टी. कॉलेज में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहित करते हुए माननीय कुलपति डॉ. सुरिंदर सिंह

दिनांक : 26 नवम्बर, 2024 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना की पारिजात ईकाई के स्वयंसेवक उत्कर्ष सिंह ने युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय उच्च शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा पटना के बी.आई.टी. कॉलेज में दिनांक 10.11.2024 से 19.11.2024 तक 10 दिवसीय शिविर में

सफलतापूर्वक प्रतिभाग कर अपना उच्चतम प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया। स्वयंसेवक उत्कर्ष द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सुरिंदर सिंह ने 10 दिवसीय शिविर में चयनित होने व प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया।

माननीय कुलपति जी ने राष्ट्रीय सेवा योजना की पारिजात इकाई के इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए आगे भी इसी तरह कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर पूर्व औषधि निर्देशक डॉ. जी. एन. सिंह, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.प्रदीप राव कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अखिलेश कुमार दूबे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आयुष कुमार पाठक उपस्थित थे।